जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

पत्रांकः जे0एन0सी0यू0–कु0स0 / 59 / 2017 दिनांकः 01 जुलाई, 2017

<u>महत्वपूर्ण</u>

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक,
सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान,
बलिया।

विषयः– वन महोत्सव (दिनांक 01 जुलाई से 07 जुलाई, 2017) के अवसर पर दिनांक 05 जुलाई, 2017 को स्कूली बच्चों / विद्यार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण।

महोदय,

कृपया आप के पत्र संख्याः 1348 / 70–3–2017 एवं संख्या 1395 / 14–572017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा यह अपेक्षा की गयी है कि प्रत्येक वर्ष की माह जुलाई के प्रथम सप्ताह में **"वन महोत्सव"** कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी गत वर्ष की भाँति "वन महोत्सव" प्रदेश में वृहद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में **दिनांक 05 जुलाई, 2017** को प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों, माध्यमिक शिक्षण संस्थानों एवं बेसिक शिक्षण संस्थानों के लगभग 5 करोड़ स्कूली बच्चों / विद्यार्थियों को वृक्षों का महत्व, पर्यावरण जागरुकता एवं स्कूल चलो अभियान से सम्बन्धित शपथ ग्रहण कराये जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षा विभाग की सक्रिय भूमिका होगी।

अतः शासन के पत्र दिनांक 29 जून, 2017 की छाया प्रति संलग्न करते हुये अनुरोध है कि कृपया अपने संस्थान के परिसर में **दिनांक 05 जुलाई, 2017 पूर्वाहन 09 बजे** से संलग्न प्रारुप के अनुसार अपने विद्यार्थियों को शपथ दिलाने तथा वृक्षारोपण का कार्यक्रम को सम्पन्न करायें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(अरुण कुमार यादव)
उपकुलसचिव
कृते कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. **मा0 कुलपति जी,**
2. **शासन के पत्र संख्याः 1348 / सत्तर–3–2017 के क्रम में सयुक्त सचिव उच्च शिक्षा विभाग, उ0 प्र0 शासन लखनऊ।**

(अरुण कुमार यादव)
उपकुलसचिव